उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**
(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)
CIN : U40109UR2001SGC025867
Email ID: dgmm.upcl@yahoo.com, Website: www.upcl.org

पत्रांकः–933 /अधी0अभि0(सा0प्र0)/उपाकालि/ दिनांक 22.08.2025

समस्त अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
वितरण/परीक्षण/परियोजना/विद्युत भण्डार खण्ड/जानपद/कार्यशाला
.................................

**विषय :– ठेकेदार/कार्यदायी संस्था (वार्षिक टर्नओवर रू0 5 करोड़ से अधिक) द्वारा सप्लाई/कृत कार्य के विरूद्ध ई–इनवाईस उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में।**

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि ERP प्रणाली के अन्तर्गत MM Module में वर्तमान एवं विगत माह को खोले रखे जा सकने का प्रावधान है एवं माह जून, 2025 को ERP के अन्तर्गत माह अगस्त, 2025 में खोला गया है।

इस क्रम में संज्ञान में आया है कि कुछ क्षेत्रीय इकाईयों के अन्तर्गत अवर अभियन्ताओं द्वारा माह जून, 2025 में ठेकेदार/कार्यदायी संस्था द्वारा सप्लाई/कृत कार्य के विरूद्ध माह जून, 2025 के ई–इनवाईस के स्थान पर मैनुअल ईनवाईस प्राप्त करते हुए मैनुअल मैजरमेन्ट (मापन) कर लिया गया। तत्पश्चात् ठेकेदार/कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त सप्लाई/कृत कार्य की ई–इनवाईस माह अगस्त, 2025 में अवर अभियन्ता को उपलब्ध करायी गयी। अवर अभियन्ताओं द्वारा ERP प्रणाली के अन्तर्गत माह अगस्त, 2025 में माह जून, 2025 को खोले जाने के पश्चात् माह जून, 2025 की मैनुअल इनवाईस के सापेक्ष MIR7/SES ERP के अन्तर्गत कर दी गयी जबकि माह जून, 2025 की ई–इनवाईस प्राप्त कर MIR7/SES की जानी अपेक्षित थी जो कि उचित नही है एवं यह प्रक्रिया उच्चाधिकारियों द्वारा ई0आर0पी0 योजना हेतु निर्गत दिशा–निर्देशों की अवहेलना है एवं टैक्स की देनदारी को लेकर अनावश्यक जटिलता उत्पन्न करती है।

अवर अभियन्ताओं द्वारा ठेकेदार/कार्यदायी संस्था से माह जून, 2025 मे ई–इनवाईस उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध करने पर ठेकेदार/कार्यदायी संस्था द्वारा माह अगस्त, 2025 में ई–इनवाईस प्रदत्त की गयी। अवर अभियन्ताओं के अनुरोध पर माह अगस्त, 2025 की ई–इनवाईस के स्थान पर माह जून, 2025 की ई–इनवाईस प्रस्तुत करने की दशा में उत्पन्न हो रही टैक्स (GST etc.) की देनदारी को लेकर ठेकेदार/कार्यदायी संस्था द्वारा अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

अतः आप अपने स्तर से अपने अधीनस्थ अवर अभियन्ताओं को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उनके द्वारा ठेकेदार/कार्यदायी संस्था द्वारा सप्लाई/कृत कार्य के विरूद्ध उसी तिथि/माह में ई–इनवाईस प्राप्त कर ली जाये जिस तिथि/माह में सप्लाई/कृत कार्य किया गया है तथा ERP के अन्तर्गत भी उसी तिथि/माह में MIR7/SES करना सुनिश्चित किया जाये जिससे भविष्य में इस प्रकार के प्रकरणों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके अन्यथा की स्थिति में इसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अवर अभियन्ता का होगा।

(मोहित डबराल)
अधीक्षण अभियन्ता (सा0प्र0) एवं प्रोसेस
ऑनर (एम0एम0)

SE(BT) (8)


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**
(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)
CIN : U40109UR2001SGC025867
Email ID: dgmm.upcl@yahoo.com, Website: www.upcl.org


प्रतिलिपि :–

1. निदेशक (परिचालन / परियोजना / वित्त), उपाकालि, विक्राविं गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून ।
2. प्रोसेस ऑनर (FICO), उपाकालि, विक्राविं गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून ।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण / जानपद / परियोजना), उपाकालि, ..................... ।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता (वितरण / जानपद / परियोजना), उपाकालि, ..................... ।
5. अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0,स्काडा,ई0आर0पी0),उपाकालि, विक्राविं गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
6. समस्त उप महाप्रबन्धक (वित्त) / उप मुख्य लेखाधिकारी, उपाकालि, ..................... ।
7. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), उपाकालि, विक्राविं गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून को इस आशय से प्रेशित कि कार्यालय ज्ञाप को विभागीय वैबसाईट पर प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करे।

(मोहित डबराल)
अधीक्षण अभियन्ता (सा0प्र0) एवं प्रोसेस ऑनर (एम0एम0)